गृह मंत्रालय भारत सरकार
(केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल)

नई दिल्ली
दिनांक : 14 सितंबर 2018

विषय : केoरिoपुoबल ने मनाया हिंदी दिवस।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के मुख्यालय में दिनांक 14 सितम्बर, 2018 को हिंदी दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर बल के महानिदेशक ने बताया कि हमारी राजभाषा नीति स्पष्ट है और हमारा यह सतत् प्रयास रहता है कि बल में अधिक से अधिक शासकीय कार्य राजभाषा हिंदी में किए जाएं। उन्होंने कहा कि हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है और इसका कार्यालयी कार्यों के जितना अधिक प्रयोग और उपयोग होगा, उतना ही राजभाषा हिंदी के उत्थान के लिए अच्छा रहेगा।

बल के महानिदेशक ने यह भी बताया कि अभी जो कंप्यूटरीकृत प्रणालियां प्रचलित हैं, उनमें भी हिंदी के प्रयोग की समुचित व्यवस्था दी गई है। बल में हिंदी का प्रयोग लक्ष्यों के अनुरूप हैं किंतु सेलो में हिंदी का प्रयोग अपेक्षा से कम है इसलिए भविष्य में तैयार की जाने वाली प्रणालियों में जो उपयोग लाए जाएं, वे द्विभाषी में हों। हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए यह आवश्यक है कि शासकीय कामकाज में सरल और बोलचाल की भाषा प्रयोग की जानी चाहिए ताकि उसका भाव और अर्थ सबकी समझ में आ सके।

हिंदी दिवस के अवसर पर उन्होंने सेक्टर राजभाषा रनिंग शील्ड प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कोबरा सेक्टर मुख्यालय, नई दिल्ली एवं मणिपुर एवं नागालैंड सेक्टर, इम्फाल को राजभाषा रनिंग शील्ड प्रदान की। इसी क्रम में अनुभाग राजभाषा रनिंग शील्ड प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले महानिदेशालय के मंत्रालयिक एवं प्रशासन-2 अनुभाग को राजभाषा रनिंग शील्ड प्रदान की। राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोबरा सेक्टर मुख्यालय के श्री जितेन्द्र सिंह, सहायक कमांडेंट (राजभाषा) एवं बल मुख्यालय के राजभाषा अनुभाग में तैनात श्री मुहम्मद इकबाल खान, सहायक कमांडेंट (राजभाषा) को डीजी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया।

हिंदी दिवस/पखवाड़ा के दौरान आयोजित हिंदी कार्यशाला, हिंदी टिप्पण/आलेखन व हिंदी टंकण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए तथा उनकी सफलता पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि अन्य कार्मिक भी इससे प्रोत्साहित होंगे और अपना अधिक से अधिक काम हिंदी में करने का प्रयास करेंगे, जिससे केरिपुबल में हिंदी भाषा के प्रयोग और उपयोग में बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर बल के महानिदेशक ने सीआरपीएफ समाचार ''राजभाषा विशेषांक'' का विमोचन भी किया।

बल के महानिदेशक ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों तथा राजभाषा की नीति के कार्यान्वयन में महत्पूर्ण योगदान देने के लिए राजभाषा अनुभाग को उनके द्वारा किए गए सराहनीय और अच्छे कार्यो के लिए बधाई दी। उन्होंने आशा जताई कि आने वाले समय में भी बल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना अधिक से अधिक काम हिंदी में करेंगे। उन्होंने अतः में सभी उपस्थित सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद किया।

-हस्ताo- 14/09/2018
जन सम्पर्क, महानिदेशालय

मलों से
महानिदेशक
सी0आर0